'कांग्रेस ने अपने समय में स्कूल की नहीं ली सुध,

जयपुर । स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने गोविंद सिंह डोटासरा के बयान का पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार अपने समय में सभी भवनों को अच्छे तरीके से देख लेती तो यह घटना नहीं होती।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने डेढ़ वर्ष लगभग 2 हजार स्कूलों की मरम्मत के लिए पैसे दिए हैं। कांग्रेस सरकार ने जानबूझकर के उनके कार्यकाल में किसी प्रकार की मरम्मत नहीं करवाई, ना ही स्कूलों को देखा। कांग्रेस का केवल सिर्फ नोट बटोरने का धंधा था।

दिलावर ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गोविंद सिंह डोटासरा की उपस्थिति में एक बार शिक्षकों से पूछा था कि शिक्षा विभाग में ट्रांसफरों में पैसा चलता है क्या। तब सभी शिक्षकों ने एक स्वर में कहा था कि साहब खूब पैसा चलता है। गोविंद डोटासरा ने पेपर बेच कर के खूब धन कमाया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने आप में समस्या है। क्योंकि इनको स्वदेशी लोगों ने नहीं बनाया, विदेशियों ने बनाया है।

इसलिए कांग्रेस हमेशा विदेश की बात करते रहते हैं। जिस प्रकार का स्टेटमेंट डोटासरा दे रहे हैं वह ठीक नहीं है। इनकी श्रद्धा अब देश में नहीं है।

जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने 10 पाक विस्थापितों को सौंपे नागरिकता प्रमाण पत्र

जयपुर। मुख्यमंत्री पाक विस्थापितों के हक-हकूक एवं मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा काफी संवेदनशील है। मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिला प्रशासन पाक विस्थापितों को नियम एवं पात्रता अनुसार भारतीय नागरिकता प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इसी संवेदनशीलता के चलते बरसों से भारतीय नागरिकता के लिए प्रयास कर रहे 10 पाक विस्थापितों के लिए गुरुवार का दिन खुशियां लेकर आया।

जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने गुरुवार को आयोजित समारोह में 10 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता का प्रमाण पत्र सौंपा। जोगाराम पटेल ने संगीता, हरिचंद, चमेली बाई, मुकेश कुमार, कलियां देवी, कंवर लाल, संतोष कुमार, सुनित कुमार, राजकुमारी एवं खिआना माहेश्वरी को नागरिता प्रमाण पत्र सौंपे।

भारतीय नागरिकता प्राप्त करने वाले पाक विस्थापितों को शुभकामनाएं देते हुए प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि आज का दिन उन सभी पाक विस्थापित भाइयों-बहनों के लिए एक ऐतिहासिक और भावनात्मक क्षण है, जिन्होंने वर्षों तक अपने अधिकारों और पहचान की प्रतीक्षा की। भारतीय नागरिकता प्राप्त कर अब आप विधिवत रूप से इस महान राष्ट्र का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं।

जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल (बीच में) ने गुरुवार को आयोजित समारोह में 10 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता का प्रमाण पत्र सौंपा।

यह नागरिकता केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत माता की गोद में मिला सम्मान, आत्मविश्वास और आत्मगौरव है। हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र के साथ समर्पित भाव से कार्य कर रही है। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप सभी भारत की उन्नित और समरसता में सक्रिय भागीदार बनेंगे।

वहीं, अरसे बाद नागरिकता प्रमाण पत्र मिलने पर पाक विस्थापितों की आंखें छलक आईं। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि बरसों की बेमुल्क ज़िंदगी के बाद अब हमें अपनी मिट्टी से कानूनी पहचान मिली है, आज कई सालों का लंबा इंतजार खत्म हुआ है और आज हम फक्र के साथ कह सकते हैं कि हम भारतीय हैं।

उन्होंने कहा कि नागरिकता का प्रमाण नहीं होने के कारण सरकारी

■ **जयपुर जिला प्रशासन अब तक 340 पाक विस्थापितों को सौंप चुका है भारतीय नागरिकता**

योजनाओं का लाभ भी उन्हें नहीं मिल पा रहा था लेकिन अब भारतीय नागरिकता मिलने के बाद ना केवल उन्हें पहचान मिली है बल्कि अब सरकारी योजनाओं की मदद से वे अपने परिवार का भरण पोषण बेहतर तरीके से कर पाएंगे।नागरिक प्रमाण पत्र वितरण समारोह में राजस्थान जीव जंतु बोर्ड कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई, इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) संतोष मीणा सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि जयपुर जिला प्रशासन द्वारा भारतीय नागरिकता अधिनियम 1955 की विभिन्न धाराओं के तहत पात्रता प्राप्त करने एवं विहित प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात अब तक कुल 340 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र जारी किये गए हैं।

हत्याकांड से जुड़े तीन अन्य लोग पुलिस हिरासत में

जयपुर। बगरु थाना इलाके में पांच अगस्त को लेबर इंस्पेक्टर शंकरलाल बलाई की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस अब नए मोड़ पर आ खड़ी हुई है। पुलिस ने आरएसी जवान को गिरफ्तार कर तीन दिन के रिमांड पर लिया था। पुलिस ने पूछताछ के बाद हत्याकांड से जुड़े तीन अन्य लोगों को भी हिरासत में ले लिया है।

गौरतलब है कि आरएसी जवान अजय कटारियां ने पांच अगस्त को लेकर इंस्पेक्टर शंकरलाल बलाई ताबतोड़ दस राउंड फायर कर उसकी हत्या कर दी थी। जिसके आरोपित खुद ही थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस पूछताछ में तीन अन्य आरोपितों को भी हिरासत में ले लिया गया है। जिनसे पुलिस गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस ने अब तक कुल चार आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित अजय कटारिया फुलेरा थाने पहुंचा थाने पहुंचे और वहीं पर उसने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सूचना मिलने के बाद बगरू थाना पुलिस मौके

■ **आरएसी जवान अजय कटारियां ने पांच अगस्त को लेकर इंस्पेक्टर शंकरलाल बलाई ताबतोड़ दस राउंड फायर कर उसकी हत्या कर दी थी**

पर पहुंची और उसे थाने ले आई। लेबर इंस्पेक्टर शंकरलाल बलाई की हत्या के पीछे की वजह जाने के लिए पुलिस आरोपितों से गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। इस हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस क्राइम सीन भी रिक्रेट कराएंगी।

पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपित अजय कटारिया, उसके भाई और दो अन्य लोगों सह आरोपी मानते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि अजय कटारिया के पूर्व मंगेतर महिला कांस्टेबल के पिता भी इस हत्याकांड में शामिल है। पुलिस ने इस मामले में आरोपित बनाया है।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर मिलने के बहाने बुलाकर विवाहिता से दुष्कर्म

जयपुर। मालवीय नगर थाना इलाके में इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर मिलने के बहाने बुलाकर एक विवाहिता से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता द्वारा विरोध करने पर मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाने में पीड़ित विवाहिता ने इंस्टाग्राम दोस्त के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर की रहने वाली 29 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ समय पहले इंस्टाग्राम पर पवन नाम के लड़के की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने के बाद उसके मैसेज व कॉल आने लगे। बातचीत के दौरान आरोपित से उसकी फ्रेंडशिप हो गई। पीडिता आरोप है कि कुछ दिनो बाद आरोपित ने उसको वीडियो कॉल करना शुरू कर दिया। वीडियो कॉल पर ज्यादातर बातचीत करने लगा। कुछ समय पहले मिलने के बहाने जगतपुरा स्थित कार्यालय में बुलाया। मिलने जाने पर आरोपित ने उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर धमकी देकर दुष्कर्म किया।

परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा पास कराने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा पास कराने में वांछित इनामी अपराधी सहित शरण देने वाले चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी वीके सिंह ने बताया कि विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा पास कराने में वांछित इनामी अपराधी सहित शरण देने वाले दिनेश कुमार मीणा निवासी लालसोट जिला दौसा हाल कनिष्ठ लिपिक ग्रेड द्वितीय जिला टोंक, शुभम फलोदिया निवासी माधोराजपुरा जिला जयपुर ग्रामीण,अजय कुमार मीणा निवासी रामनगरिया जयपुर और महेंद्र कुमार मीणा निवासी लालसोट जिला दौसा को गिरफ्तार किया है।एसओजी ने पटवारी परीक्षा के संबंध में मामला दर्ज कर फरार आरोपित दिनेश कुमार मीणा को गिरफ्तार किया गया है। जिस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। आरोपित ने उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा, पटवारी भर्ती

पुलिस ने आरोपी दिनेश कुमार, शुभम, अजय कुमार व महेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया।

परीक्षा - 2021 व एलडीसी भर्ती परीक्षा-2021 में डमी अभ्यर्थी को बैठाकर पास करवाई गई थी। उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में साक्षात्कार भी डमी अभ्यर्थी से दिलवाकर चयनित करवाया था। आरोपित दिनेश कुमार मीणा अपने भाई मनीष मीणा, दीपक मीणा तथा मामा महेश मीणा के साथ मिलकर तीप भर्ती परीक्षाओं में छह अभ्यर्थियों की जगह डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा पास करके चयनित हुए थे। सभी परीक्षाओं में रोशन लाल मीणा डमी अभ्यर्थी के रूप में बैठा था, जो पूर्व में गिरफ्तार होकर न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है । इस प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार दीपक मीणा की जगह उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में रोशनलाल बैठा था, जिसमें दीपक मीणा लिखित परीक्षा में पास हो गया था। इसी प्रकार दीपक मीणा के भाई मनीष मीणा की जगह लिखित परीक्षा व साक्षात्कार में भी रोशन लाल बैठा था, जिसमें मनीष मीणा का उप निरीक्षक में चयन होकर वर्ष 2020 से इंटेलिजेंस में उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत था। जिसे विभाग द्वारा बर्खास्त कर दिया गया है। इसी प्रकार आरोपित दिनेश कुमार मीणा व पूर्व में गिरफ्तार महेश कुमार मीणा की जगह लिपिक ग्रेड-सेकंड की लिखित परीक्षा में रोशन लाल बैठा था।

लोक-संगीत और लोक नृत्य से सजा "सावन उत्सव"

जयपुर। राजधानी जयपुर में सावन के उल्लास और पारंपरिक संस्कृति को समर्पित "सावन उत्सव" का भव्य आयोजन हीरा वैली रिसोर्ट, स्वेज फार्म, सोडाला में किया गया। आयोजन की थीम रही - राजस्थान का पारंपरिक लहरिया, जिसके अनुरूप सजी-संवरी महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में भाग लिया और लोक-संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया।

नृत्यम फाउंडेशन की अध्यक्ष और कार्यक्रम आयोजिका काजल सैनी ने बताया कि इस उत्सव का उद्देश्य महिलाओं को सांस्कृतिक मंच प्रदान करना और लोक परंपराओं को जीवित रखना है। इस अवसर पर 'मारो लहरियो रे', 'सावन आए' और अन्य पारंपरिक राजस्थानी गीतों पर महिलाओं ने मनमोहक लोक नृत्य प्रस्तुत किए। ।"

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक राजस्थानी स्वागत गीत से हुई, जिसके

महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में भाग लिया और लोक-संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया।

बाद एक से बढ़कर एक लोक नृत्य प्रस्तुतियाँ हुईं। इसके बाद घूमर, चरी और कालबेलिया जैसे लोकनृत्य से सजे कार्यक्रम में संगीत, नृत्य और रंगों का समावेश दर्शकों को मंत्रमुग्ध करता रहा। सावन की फुहारों को दर्शाता यह आयोजन पूरे माहौल को लोक-संस्कृति के रंग में रंग गया।सभी प्रतिभागियों ने एक जैसे लहरिया परिधान पहनकर समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने राजस्थान की पारंपरिक एकता और सौंदर्य को दर्शाया।

दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौज-मस्ती के लिए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी के सात दुपहिया वाहन बरामद की है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौज-मस्ती के लिए दुपहिया वाहन चुराने वाले आरोपित गोविंद सिंह (21) निवासी निवासी बयाना जिला भरतपुर और हुकुम चन्द (21) निवासी आगरा (उत्तर) प्रदेश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश गोविन्द के खिलाफ सौलह मुकदमे दर्ज है। जिनके कब्जे से चोरी की सात बाइक एक्टिवा बरामद की गई। पूछताछ में आरोपितों सामने आया कि वह मौज-मस्ती के लिए वाहन चोरी की वारदात करते थे।

तीन बदमाशों ने पुलिस कांस्टेबल पर किया जानलेवा हमला

जयपुर। श्याम नगर थाना इलाके में एक पुलिस कांस्टेबल पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि चोरी करने निकले हथियारबंद बदमाशों का गश्त के दौरान पुलिसकर्मी से आमना-सामना हुआ था।जहां हथियारबंद बदमाशों ने उस हमला घर दिया। वहीं घायल पुलिस कांस्टेबल ने लहूलुहान होने के बाद भी दो बदमाशों को पकड लिया,वहीं बदमाश फरार हो गया। जिसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस हेड कांस्टेबल भंवर सिंह ने बताया कि श्याम नगर थाने के कांस्टेबल दिनेश कुमार (42) पर जानलेवा हमला हुआ। जो गत दिनों पहले रात 8 बजे से 12 घंटे की सिग्मा (बाइक) पर इलाके में गश्त ड्यूटी थी। रात करीब दो बजे हाईवे किंग से 200 फीट की तरफ सिग्मा पर कांस्टेबल दिनेश गश्त करते आ रहा था। 36 दुकानों के सामने पहुंचने पर बाइक पर एक लड़का बैठा था, जबकि दो लड़के पास ही खड़े थे। बाइक की आगे की नंबर प्लेट पर काली टेप चिपकी थी।

शक होने पर तीनों लड़कों के पास आकर कांस्टेबल दिनेश ने बाइक मालिक के बारे में पूछा। इस पर पुलिस वर्दी में देखकर बदमाशों ने उस हमला कर दिया। कांस्टेबल दिनेश के सिर पर कड़े मारा। दो बदमाशों के मारपीट के दौरान कांस्टेबल रोड पर गिरकर उनसे गुत्थम-गुथा हो गया। तीसरे बदमाश ने अपने साथियों को बचाने के लिए एयरगन निकालकर उसकी बट से दिनेश के मुंह व सिर में मारा। कांस्टेबल ने लहूलुहान होने के बाद भी दोनों बदमाशों को नहीं छोड़ा। लोगों का आता देखकर तीसरा साथी वहां से फरार हो गया। पुलिस की चेतक के जरिए दोनों बदमाशों को पकड़कर थाने लाया गया। जिनके कब्जे से मिली बाइक को भी जब्त किया गया।

अपहरण कर लूटपाट करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

जयपुर । आमेर थाना पुलिस ने अपहरण कर लूटपाट करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का माल बरामद करते हुए वारदात के काम में ली गई कार बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है।पुलिस गिरफ्तार आरोपियों ने अन्य लूट की वारदातों को लेकर गहनात से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि 2 अगस्त को राकेश कुमार शर्मा धौला ,जमवारामगढ़ निवासी ने सूचना दी थी। 31 जुलाई को वो जयपुर से अपने गांव जा रहा था। तथी करीब साढ़े 4 बजे कुकस स्थित रिको चौराहे के पास सांवरियां ढ़ाबे के पास उसकी बाइक में पैट्रोल खत्म हो गया था। तभी उसने बाइक को साइड में खड़ा किया और पैदल ही पेट्रोल लेने के लिए निकल पड़ा। तभी थोड़ी दूर चलते ही एक सफेद रंग की टैक्सी नंबर

पुलिस ने आरोपी दिलकुश, बलराम, मदन, दिलकुश योगी को गिरफ्तार किया।

कार उसके पास आकर रुकी। जिसमें बैठे तीन जने बैठे हुए थे। उन्होने पेट्रोल पंप पर छोड़ने का झांसा देकर कार में बैठा लिया। कार में बैठते तीनों बदमाशों ने चुप रहने का कहा और कार वापस मोड़ ली। जहां से बदमाश पीड़ित को दिल्ली हाइवे की लिंग रोड की तरफ ले गए और धमकी देते हुए 1 लाख 2660

■ **आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए का वीड़ियों बनाया और झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर फरार हो गए थे**

रुपए, एक चांदी का कड़ा,सोने की अंगुठी और मोबाइल फोन छीन लिया। आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए का वीड़ियों बनाया और झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर फरार हो गए। आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए फोन पे पर 50 हजार रुपए डलवाने के लिए धमकाया। आरोपियों ने चाकू गर्दन पर रख कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने जान बचाने के लिए अपने मित्र जगदीश को कॉल किया। लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। जिसके बाद पीड़ित ने अपने मित्र जगदीश सैनी को फोन पे पर पैसे डालने के लिए । लेकिन उसने दो हजार रुपए आरोपियों के बताए गए क्यूआर कोड पर डाल दिए।

बदमाशों ने किसी अशोक निगम के फोन पे पर पैसे लेने के बाद रात करीब 8-9 बजे के बीच घायल अवस्था में पीड़ित को ताला मोड़ छोड़ कर फरार हो गए। बदमाशों ने जाते - जाते शिकायत दर्ज कराने पर घर में घुस कर जाने से मारने की धमकी दी।

दिलकुश मीणा 20 पुत्र जगन्नाथ मीणा छाजडा ढ़ाणी ,नांगल राजावतान ,दौसा निवासी, कालू उर्फ बलराम शर्मा 28 पुत्र रामवतार जयसिंहपुरा खोर निवासी, दिलकुश योगी 19 पुत्र रतन लाल जोगी ,रघुनाथपुरा,कानोता निवासी , मदन शर्मा 26 पुत्र ललित शर्मा श्रीराम कॉलोनी ,आगरा रोड, बस्सी निवासी को गिरफ्तार कर लिया।

हर घर तिरंगा अभियान-15 अगस्त तक

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता तथा प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति राजेश यादव, शासन सचिव, पंचायती राज डॉ. जोगाराम,

स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन, निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता आशीष मोदी सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में गुरुवार को शासन सचिवालय में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार 02 अगस्त, 2025 से 15 अगस्त, 2025 तक तीन चरणों में आयोजित किए जा रहें हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रदेश में सफल क्रियान्वयन हेतु अभी तक की प्रगति की समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'हर घर तिरंगा अभियान' के माध्यम से नागरिकों में देशप्रेम की भावना के संचार को नयी ऊर्जा मिलेगी।

सार-समाचार

निशुल्क स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित

जयपुर। व्यास सेवा संस्थान एवं उत्कर्ष संस्थान के द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नांगल जैसा बोहरा में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया! कार्यक्रम का शुभ आरंभ मां सरस्वती एवं इंदु व्यास के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया गायत्री परिवार के धर्मपाल जी ने बच्चों को नैतिक शिक्षा नशा मुक्ति पर विस्तार से उद्बोधन दिया! कार्यक्रम में मंजू शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष विप्र कल्याण बोर्ड , कौशल किशोर शर्मा पूर्व पार्षद ,बनवारी लाल सैनी अध्यक्ष झोटवाड़ा व्यापार मंडल ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें नैतिक शिक्षा एवं अनुशासन में रहने की सीख दी ! विद्यालय में अध्यनरत 270 छात्र छात्राओं को उनकी कोर्स के अनुरूप कॉपियां , पेन , पेंसिल, रूल रबड़ इत्यादि का निशुल्क वितरण किया गया कार्यक्रम में धनराज सैनी संस्थान के पदाधिकारी कमल किशोर शर्मा, सुभाष चंद्र झा सुरेंद्र पारीक, श्यामलाल सैनी ,मधु सहाय जोशी एवं विद्यालय परिवार तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया! संस्थान के वरिष्ठ सदस्य श्री महेश शर्मा जी द्वारा संस्थान के गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही मंच संचालन किया गया! संस्थान के सचिव नरेंद्र व्यास ने सभी अतिथियों का स्वागत किया! कार्यक्रम के अंत में संस्थान के अध्यक्ष कैलाश शर्मा राष्ट्रदूत द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया

चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी की वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से भेंट

जयपुर/चित्तौड़गढ़। चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने आज नई दिल्ली में भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सांसद सीपी जोशी ने अपने संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ सहित देशभर के अफीम किसानों से संबंधित विभिन्न मुद्दों को गंभीरता से रखते हुए किसानों की समस्याओं और सुझावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ ही संसदीय क्षेत्र में विभागीय कर्मचारियों से किसानों को हो रही परेशानियों से भी अवगत करवाया। सांसद जोशी ने आगामी वर्ष के लिए अफीम नीति समय पर जारी करने का विशेष आग्रह किया, जिससे किसान समय रहते अपने खेतों की तैयारी कर सकें और मौसम के अनुसार कृषि कार्यों की योजना बना सकें। उन्होंने यह भी कहा कि अफीम खेती एक विशिष्ट एवं संवेदनशील कृषि क्षेत्र है, जिसमें देरी से किसानों की आजीविका पर सीधा प्रभाव पड़ता है। सांसद सीपी जोशी ने सी.पी.एस. पद्धित से अफीम की खेती करने वाले किसानों को उनकी उपज का मूल्य शीघ्र उनके खातों में हस्तांतरित करने की मांग भी की। उन्होंने मंत्री महोदय को अवगत कराया कि भुगतान में विलंब के कारण किसानों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनका अन्य कृषि कार्य भी प्रभावित होता है। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सांसद जोशी के आग्रह और प्रस्तुत बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति सजग है और समय पर नीति जारी करने एवं भुगतान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और तेज़ बनाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। सांसद सी.पी. जोशी ने इस सकारात्मक प्रतिक्रिया के लिए वित्त राज्य मंत्री का आभार जताया और भरोसा जताया कि आने वाले समय में अफीम किसानों को राहत और सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार ठोस कदम उठाएगी।

व्यसन मुक्ति कार्यशाला का आयोजन

जयपुर। जैन रत्न युवक परिषद एव सांगानेरी गेट स्थित सुबोध सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आज एक विशेष व्यसन मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 400 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और व्यसन मुक्त समाज की दिशा में सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ भी दिलाई गई। मुख्य प्रवक्ता निपुण जी डागा ने कार्यशाला का उद्देश्य समाज के भविष्य - युवाओं - को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर एक स्वस्थ, सभ्य और संस्कारित जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। सभी भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए।।जयपुर में सभी सरकारी प्राइवेट स्कूलों कॉलेजों में 100 भी अधिक कार्यशाला का आयोजन करने की संभावना है।। कार्यक्रम के दौरान यह उद्घोष बार-बार सुनाई देता रहा और उपस्थित सभी जनमानस को गहराई से प्रेरित करता रहा। प्रधानाचार्य दीपा जी सचदेवा ,सुरेश जी कोठारी, संजीव जी कोठारी, सुनील जी कोठारी, अभिनंदन जी तथा अनुजा जी गोलेछा उपस्थित रहे।

उपखण्ड अधिकारी का रीडर 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जालोर टीम ने कार्रवाई करते हुए कार्यालय उपखण्ड अधिकारी आहोर जिला जालोर के रीडर (सहायक प्रशासनिक अधिकारी) विरेन्द्र कुमार नाग,कार्यालय में कार्यरत होमगार्ड जगदीश सिंह और (प्राइवेट व्यक्ति) दिनेश को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया ह भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया किएसीबी जालोर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसका से उपखण्ड कार्यालय में विचाराधीन अपील में विपक्षीगण को नोटिस जारी करने की एवज रीडर (सहायक प्रशासनिक अधिकारी) विरेन्द्र कुमार नाग एक लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी जालोर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मांगीलाल राठौड़ के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए रीडर वीरेन्द्र कुमार नाग ने परिवादी से 25 हजार रुपये प्राप्त कर कार्यालय में कार्यरत होमगार्ड जगदीश सिंह को दिये । जिसने यह रिश्वत प्राइवेट व्यक्ति दिनेश कुमार पकड़ाये। जो कार्यालय उपखण्ड अधिकारी आहोर कार्यालय के बाहर नाश्ता केबिन संचालित करता है। एसीबी ने रिश्वत के पच्चीस हजार रुपये बरामद कर रीडर,होमगार्ड एवं एक प्राइवेट व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधिकारियों ने गोविन्द देव जी मंदिर का दौरा किया

ठिकाना मंदिर राधा गोविंद देव जी मंदिर में जन्माष्टमी की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारियों ने दौरा किया।